जनपद अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नोला से थिरोली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या:—

1. निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग सल्ट के अन्तर्गत 10.500 कि0मी0 लम्बाई में नोला से थिरोली मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता **पी0एम0जी0एस0वाई , लो0नि0वि0 खण्ड, अल्मोडा के** अनुरोध पर प्रस्तावित समरेखन का अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 30-10-13 को सम्बन्धित सहायक अभियन्ता श्री के० सी० जोशी के साथ निरीक्षण किया गया।
2. नोला से थिरोली मार्ग के निर्माण हेतु दो समरेखनों पर विचार किया गया । समरेखन संख्या दो में स्थानीय ग्रामवासियों की असहमति एवं तकनिकी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए समरेखन संख्या एक को मार्ग निर्माण के लिये अधिक उपयुक्त समझा गया है। प्रस्तावित समरेखण भिक्यासैण — रामनगर मोटर मार्ग के ग्राम नोला से प्रारम्भ होता से आरम्भ होता है तथा निर्धरित 10.500 कि0मी0 लम्बाई पूर्ण कर थिरोली से समाप्त होता है। समरेखन में सात हेयर पिन बैन्ड प्रस्तावित है। समरेखन आरम्भ की लगभग 6.030 कि0मी0 लम्बाई में सिविल सोयम भुमि से तथा शेष लम्बाई में निजी नाप भुमि सें होकर गुजरता है। नाप भूमि में पहाड़ी ढलान सामान्यतः $20^0$ से $30^0$ के मध्य तथा सिविल भूमि में 50 तक प्रतीत होता है। समरेखन क्षेत्र में सिविल भूमि में कहीं—कहीं चट्टान दृष्टिगोचर है,जबकि शेष भाग में मिटटी / डेब्री का ओवरबर्डन है। स्थल निरीक्षण के दिन समरेखन क्षेत्र में प्रथम दृष्टया कोई अस्थिरता दृष्टिगोचर नहीं हुई।
3. समरेखन क्षेत्र **की भूगर्भीय स्थिति, भु आकृति ,एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित** तथ्यों को स्थान में रखते हुए निम्न सुझाव दिये जा रहे है, जिन्हें प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में सम्मिलित किया जाना चाहिये।

   (1) यथासम्भव मार्ग की पूरी चौड़ाई कटान करके प्राप्त की जाये। जिस भाग में रिटेनिंग दीवार का निर्माण आवश्यक हो, दीवार का निर्माण फर्म स्ट्रेटा **पर समुचित परिकल्पना के आधार पर कराया जाये।**

   (2) मोटर मार्ग के निर्माण के समय समीप स्थित घरों से सुरक्षित दूरी रखते हुए तथा बिना विस्फोटकों का प्रयोग किये गये मार्गो का कटान किया जाये।

Vinod
VINOD KUMAR
(Geologist)
Technical Consultancy Services

2.28 a

(3) जहाँ मार्ग कटान की ऊँचाई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, विशेष रूप से आबादी वाले भाग में, मार्ग कटान के साथ –साथ समुचित परिकल्पना की ब्रेस्ट वाल का निर्माण करा दिया जाये,जिससे अस्थिरता उत्पन्न न हो।

(4) वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतु रोड साइड ड्रेन एवं स्कपर, काजवे कल्वर्ट आदि का निर्माण कराया जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कपर के पानी से ढलान पर भूक्षरण न हो।

(5) जहाँ अनावश्यक हो ,मार्ग से उपर या नीचे पहाड़ी ढलान पर समुचित पौधों का रोपण किया जाये, जिससे ढलानों पर भूक्षरण की प्रकिया को नियंत्रित रखा जा सके।

(6) चट्टानी भाग में जहाँ आवष्यक हो ,मार्ग कटान में नियंत्रित ब्लास्टिगं की जाये।

(7) पर्वतीय क्षेत्र में मार्ग निर्माण के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानकों को एवं विषिश्टियों का भी पालन किया जाये।

4. नोला से थिरोली मोटर मार्ग के निमाण हेतु 10.500 कि0मी0 लम्बााई का प्रस्तावित समरेखन वर्तमान परिस्थितियों में भुगर्भीय दृष्टि से उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लिये उपयुक्त प्रतीत होता है।

**टिप्पणी**:–भुमि हस्तान्तरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं उपलब्ध विवरणके आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है।समरेखन/मार्ग पर किसी विशिष्ट बिन्दु पर **सुझाव की आवश्यकता होने पर अलग से अवगत** कराया जाये।

Vinod
VINOD KUMAR
(Geologist)
Technical Consultancy Services

P.C. Attested

सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड
लोक निर्माण विभाग
द्वाराहाट (अल्मोड़ा)